Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا ؕ يَخْلُقُ مَا يَشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ

(सूरत अन्निसा आयत : 174)

अनुवाद : और आसमानों और ज़मीन पर बादशाहत अल्लाह ही कि है और उस पर भी जो इन दोनों के मध्य है। वह जो चाहे पैदा करता है और अल्लाह हर चीज़ पर जिसे वह चाहे दाइमी क़ुदरत रखता है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

बदर

साप्ताहिक क़ादियान

Weekly BADAR Qadian HINDI

वर्ष- 6
अंक- 25

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

13 ज़विल कअदह 1442 हिज्री कमरी 24 इहसान 1400 हिज्री शम्सी 24 जून 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

रात के समय दफ़नाना

(1340) हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने एक व्यक्ति की नमाज़-ए-जनाज़ा उसके दफ़नाए जाने के एक रात बाद पढ़ी। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सहाबा खड़े हुए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पूछा : यह किस की क़ब्र है? लोगों ने कहा : अमुक की क़ब्र है। कल रात दफ़न किया गया था। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उसकी नमाज़ जनाज़ा पढ़ी।

*हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वलीऊल्लाह शाह रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं : हज़रत जाबिर रज़ियल्लाहु अन्हु की रिवायत के आधार पर जो इब्ने हबान ने नक़ल की है कुछ ने यह फ़तवा दिया है कि रात को दफ़नाना मना है। इब्ने हबान की रिवायत के ये शब्द हैं نَّ النَّبِیَّ ﷺ زَجَرَاَنۡ یُّقۡبَرَ رَجُلٌ لَیۡلًااِلَّااَنۡ یُّضۡطَرَّاِلٰی ذٰلِكَ (फ़तह अल्बारी भाग 3 पृष्ठ 265) अर्थात आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मना फ़रमाया कि मजबूरी के अतिरिक्त मय्यत को रात में दफ़न की जाए। कुछ फुक़हा ने इस रिवायत की बिना पर फ़तवा दिया है कि रात को तदफ़ीन मना है। ये फ़तवे रद्द करने के उद्देश्य से बाब 69 क़ायम किया गया है इमाम मुस्लिम रहमहुल्लाह ने भी एक व्यक्ति के रात को दफ़नाए जाने के बारे में एक रिवायत नक़ल की है इस में भी यह वर्णन है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नाराज़गी का इज़हार फ़रमाया और हिदायत की कि اِذَا كَفَّنَ اَحَدُكُمۡ اَخَاهُ فَلۡيُحۡسِنۡ كَفۡنَهٗ जब तुम में से किसी के सपुर्द अपने भाई की तजहीज़ और तकफ़ीन हो तो अच्छी तरह तजहीज़ और तकफ़ीन करे। इस से ज़ाहिर है कि नाराज़गी की वजह नाक़िस तकफ़ीन थी।

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताब जनायज़, प्रकाशन 2006 क़ादियान)

अरबी भाषा सीखें क्योंकि अरबी भाषा के बिना कुरआन का मज़ा नहीं आता।
आदमी के लिए अनिवार्य है कि तौबः तथा इस्तिग़फार में लगा रहे और देखता रहे कि ऐसा न हो, बुरे कर्म सीमा से गुज़र जाएं और ख़ुदा तआला के क्रोध को खींच लाएं।
उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

सच्चा मज़हब और तौहीद

इस ज़माना में मज़हब के नाम से बड़ी नफ़रत प्रकट की जाती है और सच्चे धर्म की तरफ़ आना तो मानो मौत के मुँह में जाना है सच्चा धर्म वह है जिस पर भीतरी शरीयत भी गवाही दे। जैसे हम इस्लाम के नियम तौहीद को पेश करते हैं और कहते हैं कि यही सच्ची शिक्षा है क्योंकि इन्सान की फ़ितरत में तौहीद की शिक्षा है और प्रकृति के दृष्य भी इस पर गवाही देती है। ख़ुदा तआला ने सृष्टि को अलग-अलग पैदा करके तौहीद ही की तरफ़ खींचा है। जिससे पता चलता है कि तौहीद ही स्वीकार थी। पानी का एक बिन्दु यदि छोड़ें तो वह गोल होगा। चांद, सूरज सब आकाशीय नक्षत्र गोल हैं और गोल होना तौहीद को चाहती है

तस्लीस (एक को तीन मानना)

हम इस समय असंख्य ख़ुदाओं का वर्णन छोड़ देते हैं, क्योंकि यह तो है ही एक बेहूदा और बेमानी आस्था और बेशुमार ख़ुदा मानने से शान्ति उठ जाती है, परन्तु हम तस्लीस वर्णन करते हैं। हमने जैसा कि प्रकृति के नज़ारों से प्रमाणित किया है कि ख़ुदा एक ही है। इस तरह पर यदि ख़ुदा (हम अल्लाह की पनाह चाहते हैं) तीन होते जैसा कि ईसाई कहते हैं तो चाहिए था कि पानी,आग के शोले और ज़मीन आसमान के नक्षत्र सब के सब त्रिकोणीय होते ताकि तस्लीस पर गवाही होती। और न इन्सानी दिल का नूर कभी तस्लीस पर गवाही देता है। पादरियों से पूछा है कि जहां इंजील नहीं गई,वहां तस्लीस का सवाल होगा या तौहीद का, तो उन्होंने साफ़ स्वीकार किया है कि तौहीद का, बल्कि डाक्टर फ़ंडर ने अपनी पुस्तक में यह बात वर्णन की है। अब ऐसी खुली गवाही के होते फिर मैं नहीं समझ सकता कि तस्लीस की आस्था क्यों पेश कर दी जाती है। फिर यह त्रिकोणीय ख़ुदा भी अजीब हैं। हर एक के काम अलग अलग हैं। मानो हर एक ख़ुद अपने आप में त्रुटिपूर्ण और असम्पूर्ण है और एक दूसरे का परिपूर्क है।

मसीह की इलाह(उपास्य) होना

और मसीह जिसको ख़ुदा बनाया जाता है। उस का तो कुछ पूछो ही नहीं। सारी उम्र पकड़ धकड़ में गुज़री और इब्न-ए-आदम (आदम के पुत्र) को सिर धरने को स्थान ही ना मिला। आचरण का कोई सम्पूर्ण नमूना ही मौजूद नहीं। शिक्षा ऐसी अधूरी और असम्पूर्ण कि इस पर अनु-करण करके इन्सान बहुत नीचे जा गिरता है।

वह किसी दूसरे को सामर्थ्य

शेष पृष्ठ 12 पर

यूरोप के शोधकर्ताओं ने स्वीकार किया हैं कि यदि मुस्लमान अरब न होते तो आज दुनिया ज्ञान की इस मंज़िल पर न होती जहां अब है
और रूहानियत में जो अरबों ने तरक़्क़ी की उस की उदाहरण तो संसार के आरंभ होने से इस वक़्त तक और किसी क़ौम में पाई ही नहीं जाती

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः इब्राहीम आयत नम्बर 2 الٓرٰ ۟ كِتٰبٌ اَنۡزَلۡنٰهُ اِلَيۡكَ لِتُخۡرِجَ النَّاسَ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوۡرِ ۙ بِاِذۡنِ رَبِّهِمۡ اِلٰى صِرَاطِ الۡعَزِيۡزِ الۡحَمِيۡدِ की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

इस आयत में बताया है कि क़ुरआन-ए-करीम एक रोशनी है जिसके द्वारा से मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम लोगों को अंधेरे से रोशनी की तरफ़ निकाल ले जाऐंगे। फिर रोशनी की व्याख्या اِلٰى صِرَاطِ الۡعَزِيۡزِ الۡحَمِيۡدِ से की। अर्थात अज़ीज़-ओ-हमीद ख़ुदा का रास्ता ही असल रोशनी है। हम देखते हैं रोशनी को तो हर एक पसंद करता है लेकिन रोशनी की व्याख्या में लोगों को मतभेद होता है। आज कल लोग कहते हैं ये नई रोशनी के आदमी हैं और अर्थात नया फ़लसफ़ा और तहज़ीब और इबाहत और अधर्म का आरम्भ होता है। कोई कहता है मसीहीयत ख़ुदा का नूर है। कोई हिंदू धर्म को कोई इस्लाम को ख़ुदा का नूर क़रार देता है। इस आयत में यह बताया गया है कि रस्म-ओ-रिवाज और पोस्त और छिलका ख़ुदा का नूर नहीं कहला सकता। नूर तो ख़ुदा तआला की तरफ़ जाने का नाम है। जिसका क़दम ख़ुदा तआला की तरफ़ नहीं

शेष पृष्ठ 9 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-17)

सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का अख़बार DIE ZEIT को इंटरव्यू

एक महिला प्रोफ़ैसर ने प्रश्न किया कि जर्मनी में आपकी कम्यूनिटी काफ़ी ACTIVE है। अब आपका आगे का क्या प्लान है

एक प्रश्न यह किया गया कि आप का पाकिस्तान वापस जाने का कोई इरादा और प्रोग्राम है आपके लोग देश प्रेमी हैं?

एक प्रोफ़ैसर ने यह प्रश्न किया कि आपकी महिलाए आज़ाद नहीं हैं। डांसिंग के प्रोग्रामों में नहीं जातीं। थेटर में जाने पर पाबंदी है

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

शेष रिपोर्ट

महिलाओं के जलसा गाह से

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का ख़िताब

तशह्हुद, ताअव्वुज़ और सूरत फ़ातेहा की तिलावत के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया

यहां जो शुरू में आयात तिलावत की गई हैं उस की पहली आयत ही हमें इस ओर ध्यान दिलाती है कि यदि तुम जो मोमिन कहलाते हो, जो मोमिन और मोमिना बनने का दावा करते अल्लाह तआला और उस के रसूल की इताअत करो।

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَلَا تَوَلَّوْا عَنْهُ وَاَنْتُمْ تَسْمَعُوْنَ (सूर: अनफ़ाल : 21) हे लोगो! जो ईमान लाए हो अल्लाह तआला और उस के रसूल की इताअत करो और इस इताअत से उन आदेशों से मुँह न फेरो जबकि तुम सुन रहे हो। तुम तक ये आदेश पहुंचाए जा रहे हैं। अल्लाह तआला और उस के रसूल की बातें तुम तक पहुंचाई जा रही हैं। यह इताअत का सबक़ और हुक्म तुम्हें क्यों दिया जा रहा है? इस लिए ताकि तुम जहां उन हालतों को सुधारने वाले बन सको वहां इसके कारण से तुम में इकाई पैदा हो और ज़ाती तौर पर भी और जमाअती तौर पर भी तुम्हें सफ़लता और सफ़लता नसीब हों।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : यह हम पर अल्लाह तआला का एहसान है कि उसने अपने अहकामात को क़ुरआन-ए-करीम में नाज़िल फ़रमा कर फिर आज तक उन्हें महफ़ूज़ भी रखा हुआ है। और यह भी फ़र्मा दिया कि प्रत्येक ज़माने के लिए ये अहकामात हैं। फिर इस ज़माने में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को भेज कर उन अहकामात को खोल कर हमारे लिए प्रदान करने के सामान भी पैदा फ़र्मा दिए और फिर ख़िलाफ़त अहमदिया के साथ जोड़ कर हमें जहां अल्लाह तआला और उस के रसूल के अहकामात पर अनुकरण करने, उस की इताअत करने की ओर ध्यान दिलाने के सामान पैदा किए वहां यह भी फ़र्मा दिया कि इस इताअत के कारण से तुम हमेशा ख़िलाफ़त के इनाम से भी फ़ैज़याब होते रहोगे। तुम्हारी इकाई और ताक़त भी क़ायम रहेगी और अल्लाह तआला के फ़ज़लों को प्राप्त करते चले जाने वाले रहोगे। अत: यदि किसी का यह दावा है कि मैं जमाअत का मेम्बर हूँ ,जमाअत अहमदिया में शामिल हूँ और ख़िलाफ़त अहमदिया को मानती हूँ और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मसीह मौऊद और महदी माहूद समझती हूँ तो अल्लाह तआला और उस के रसूल के अहकामात का कामिल जुआ अपनी गर्दन पर डालना होगा। पूर्ण इताअत के लिए अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कोई अहमदी जो अल्लाह तआला और उस के रसूल के आदेशों से जान-बूझ कर बाहर निकलता है वह अहमदी ही नहीं है। कुछ ग़लतियाँ हो जाती हैं, कोताहियों हो जाती हैं, कमज़ोरियाँ पैदा हो जाती हैं, परन्तु यदि जान बूझ कर कोई इन अहकामात से बाहर निकले तो इस काअर्थ है कि वह अपने आप को इस निज़ाम से बाहर निकालने का प्रयास कर रहा है जो अल्लाह तआला ने क़ायम फ़रमाया है। इसी लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपनी शरायते बैअत में यह भी शर्त रखी है कि :

"रस्मों के अनुकरण और इच्छाओं के अनुसरण से बाज़ आ जाए गा और क़ुरआन शरीफ़ की हुकूमत को पूर्णता अपने सिर पर स्वीकार करेगा और ख़ुदा के आदेशों और रसूल के आदेशों को अपने हर एक राह में दस्तूरुल अमल क़रार देगा।"

अर्थात एक अहमदी रस्मो रिवाज के पीछे नहीं जाएगा। इच्छाओं, दुनिया की लालच और हवस और फ़ैशन, उनके पीछे नहीं जाएगा। ग़लत बातों के पीछे नहीं जाएगा और क़ुरआन-ए-करीम के अहकामात जो हैं उन पर मुकम्मल तौर पर अनुकरण करने का प्रयास करेगा और जो अल्लाह तआला और उस के रसूल ने बताया है उस को उसूल बना कर उस पर अपन जीवन गुज़ारने का प्रयास करेगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : अत: यह उन शरायत में से एक शर्त है जिस पर एक अहमदी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आने का दावा करता है। पुरुष हो या महिला यह दोनों के लिए है। यदि कोई अपने रस्मो रिवाज के पीछे चल रहा है और समाज के ग़लत तौर-तरीक़े उस को अपनी ओर खींच रहे हैं तो बैअत का हक़ अदा नहीं कर रहा। यदि संसार की प्राथमिकता और समाज का प्रभाव उसे दीन की बातों पर अनुकरण करने से रोक रहा है तो ये कमज़ोरी उसे बैअत के हक़ की अदायगी से दूर ले जा रही है। यदि क़ुरआन-ए-करीम के अहकामात को कोई अनुकरण योग्य न होना क़रार देता है तो वह न ही बैअत का हक़ अदा कर रहा है, न ही इस्लाम में शुमार हो सकता है। यदि अल्लाह तआला और उस के रसूल की बातों पर अनुकरण नहीं तो अहमदी होने का दावा भी झूठ है। अहमदियत है ही अल्लाह तआला और उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के प्रत्येक हुक्म और प्रत्येक कथन पर अनुकरण की जहाँ तक सम्भव हो प्रयास और पूर्ण इताअत का नाम, और जैसा कि मैंने कहा अल्लाह तआला का हम पर यह एहसान है कि उसने हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मान कर फिर ख़िलाफ़त के निज़ाम से जोड़ दिया जिस के माध्यम से लोग जमाअत को, मर्दों को औरतों को भी, जवानों को भी बूढ़ों को भी बार-बार अल्लाह तआला और उस के रसूल की इताअत की ओर ध्यान दिलाया जाती है और इसी तरह निज़ाम-ए-जमाअत भी इस काम के लिए निर्धारित है और निज़ाम जमाअत अर्थात जो ओहदेदार निर्धारित हैं उनको ये काम करने चाहिऐं और तक़्वा पर चलते हुए करने चाहिऐं। यदि हम में से कोई इन बातों की ओर ध्यान नहीं देता जो अल्लाह तआला और उस के रसूल के अहकामात की ओर ध्यान दिलाती हैं तो वह पुरुष हो या महिला अपने ईमान को ज़ाए कर रहा है। वह जमाअत की मजमूई ताक़त को नुक़्सान पहुंचा रहा है। वे संसार के सामने अपने अनुकरण और शिक्षा में अपवाद के कारण से, मतभेद के कारण से, ग़ैरों के सामने भी इस्लाम की ग़लत तस्वीर प्रस्तुत कर है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया अत: प्रत्येक अहमदी पुरुष और औरत की ज़िम्मेदारी है कि अपने जायज़े लें कि हम किस हद तक اَطِيْعُوا اللّٰهَ और اَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ परअनुकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। इस्लाम कोई ऐसा धर्म नहीं है जो ऐसे अहकामात देता हो जिन में हुक्म नहीं है या ऐसा हुक्म देता हो जिस से इन्सान को और समाज को लाभ न पहुंच रहा हो या अल्लाह तआला और उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमें किसी ऐसी इताअत का हुक्म दे रहे हों जो केवल इन्सान को पाबंद करना चाहती अल्लाह तआला को हमारी किसी पाबंदी की आवश्यकता नहीं है बल्कि जो अहकाम हैं हमारे फ़ायदे के लिए हैं, हमारी जीवनों को संवारने के लिए हैं बल्कि यह इताअत जहां हमारे जीवनों को सँवारती है अल्लाह तआला की प्रसन्नता का कारण बनाते हुए सफ़लता पाने वाला बनाएगी। अल्लाह तआला एक जगह फ़रमाता है कि जो मोमिनीन अल्लाह तआला और उस के रसूल की ओर बुलाए जाने पर यह कहते हैं कि سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا कि हमने सुना और हमने मान लिया तो फ़रमाया कि اُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ और वही लोग हैं जो सफ़ल हुआ करते हैं। सुन कर इताअत करने वाले लोग ही सफ़लता पाने वाले हैं। उन्हें खुशहाली भी अता होती है। वे सफ़लता भी प्राप्त करने वाले हैं। वे इन लाभदायक और नेक इच्छाओं को प्राप्त करने वाले हैं जिनकी वह इच्छा करते हैं या प्राप्त करना चाहते हैं। निश्चित एक मोमिन जो है इस की इच्छाएं हमेशा नेक ही हुआ करती हैं वह बुरी बातों की तो इच्छा नहीं कर सकता और फिर ख़ुशी और अच्छी हालतों के पाने वाले भी होते हैं। इन्ही लोगों को जो इताअत करते हैं ख़ुशीयां भी मिलती हैं और उनकी हालतें भी बेहतर होती हैं। वे अल्लाह

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

"दुआ करें अल्लाह तआला वहां के लोगों को भी अमन और चैन और सुकून का जीवन गुज़ारने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए और मुख़ालिफ़ीन के हमलों और छल से अपने फ़ज़्ल से सुरक्षित रखें"आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मुझे उसके क़तल से मना किया गया है जो इस शहादत (कलिमा) को पढ़ा करे।

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा फ़ारूक़-ए-आज़म हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन।

हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु बदर, ओहद और ख़ंदक़ के साथ समस्त ग़ज़वात में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ शामिल हुए

बारह मरहूमीन आदरणीय क़ुरैशी मुहम्मद फ़ज़लुल्लाह साहब नायब नाज़िर इशाअत क़ादियान, आदरणीय सय्यद बशीरुद्दीन अहमद साहब मुबल्लिग़ सिल्सिला क़ादियान, आदरणीय बिशारत अहमद साहब हैदर वाक़िफ-ए-ज़िंदगी क़ादियान (पुत्र फ़ैज़ अहमद साहब शहना), आदरणीय डाक्टर मुहम्मद अली ख़ान साहब (अमीर जमाअत अहमदिया ज़िला पिशावर), आदरणीय रफ़ी ख़ान शहज़ादा साहब (साबिक़ सदर मुहल्ला दारुल रहमत पूर्वी राजीकी रब्वाह), आदरणीय अय्याज़ यूनुस साहब आस्ट्रेलिया, आदरणीय मियां ताहिर अहमद साहब (साबिक़ कारकुन वकालत माल सालिस रब्वाह), आदरणीय रफ़ीक़ आफ़ताब साहब यू.के,आदरणीया ज़रीना अख़तर साहबा (पत्नी मिर्ज़ा नसीर अहमद साहब चिट्ठी मसीह उस्ताद जामिआ अहमदिया यू.के), आदरणीय हाफ़िज़ मुहम्मद अकरम साहब,आदरणीय चौधरी नूर अहमद नासिर साहब,आदरणीय महमूद अहमद मिन्हास साहब (पुत्र हकीम अबैदुल्लाह साहब) का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 21 मई 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَ رَسُوْلُهُ. أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ. بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ. اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ. اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ. اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ. صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ. غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन चल रहा था। रज़ियल्लाहु अन्हु ने जिन ग़ज़वात और सराया (युद्धों) में शिरकत की इस के बारे में आज कुछ वर्णन करता हूँ। हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु बदर,ओहद और ख़ंदक़ के साथ समस्त ग़ज़वात में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ शामिल हुए। इसके इलावा असंख्य युद्धों में भी शामिल हुए जिनमें से कुछ युद्ध के आप रज़ियल्लाहु अन्हु अमीर भी थे। (अल् तब्कतुल कुब्रा भाग 3 पृष्ठ 206 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.)

ग़ज़्व-ए-बदर के लिए रवानगी के समय सहाबा के ऊंटों की संख्या जो उनके पास थे सत्तर थी। इसलिए एक-एक ऊंट तीन-तीन आदमियों के लिए निर्धारित करने पडे और हर एक बारी-बारी सवार होता था। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु एक ऊंट पर बारी-बारी सवार होते थे।

(सीरतुल-हल्बिया बाब باب ذكر مغازيه ﷺ भाग 2 पृष्ठ 204 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई.)

बदर के लिए जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने रवानगी फ़रमाई तो इस के वर्णन में आता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अबू सुफ्यान के क़ाफ़िला की रोक-थाम के लिए मदीना से निकले जो शाम की ओर से आ रहा था। जब मुस्लमानों का क़ाफ़िला ज़िफरान पहुंचा, यह मदीना के नवाह में वादी सुफ़रा के निकट एक वादी है, तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को ख़बर मिली कि क़ुरैश अपने तिजारती क़ाफ़िले को बचाने के लिए निकल पड़े हैं। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सहाबा कराम रज़ियल्लाहु अन्हु से मश्वरा माँगा और उनको यह ख़बर दी कि मक्का से एक लश्कर अत्यधिक तेज़ रफ़्तारी से निकल पड़ा है। इस बारे में तुम क्या कहते हो? क्या लश्कर के मुक़ाबला में तिजारती क़ाफ़िला तुम को ज़्यादा पसंद है? उन्होंने कहा हाँ। अर्थात एक गिरोह ने कहा हम दुश्मन के मुक़ाबले में तिजारती क़ाफ़िले को ज़्यादा पसंद करते हैं। एक रिवायत में वर्णन मिलता है कि एक गिरोह ने कहा कि यदि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हम से जंग का वर्णन करते तो हम उस की तैयारी कर लेते। हम तो तिजारती क़ाफ़िले के लिए निकले हैं। एक रिवायत में आता है कि उन्होंने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को तिजारती क़ाफ़िले की तरफ़ ही जाना चाहिए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम दुश्मन को छोड़ दें। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पवित्र मुख का रंग बदल गया। हज़रत अबू अय्यूब रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि इस आयत के नुज़ूल का कारण भी यही घटना है कि مَاۤ اَخۡرَجَكَ رَبُّكَ مِنۡۢ بَيۡتِكَ بِالۡحَقِّ وَ اِنَّ فَرِيۡقًا مِّنَ الۡمُؤۡمِنِيۡنَ لَكٰرِهُوۡنَ (अल् अंफ़ाल : 6) कि जैसे तेरे रब ने तुझे हक़ के साथ तेरे घर से निकाला था हालाँकि मोमिनों में से एक गिरोह उसे नि:संदेह नापसंद करता था। उस वक़्त हज़रत अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और बात की और बहुत अच्छी बात की। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और बात की और बहुत अच्छी बात की। फिर मिक्दाद रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और निवेदन किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जिसका अल्लाह ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को हुक्म दिया है उस की तरफ़ चलीए। हम आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ हैं। अल्लाह की क़सम! हम आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से यह नहीं कहेंगे जैसा कि बनीइसराईल ने मूसा से कहा था कि فَاذۡهَبۡ اَنۡتَ وَ رَبُّكَ فَقَاتِلَاۤ اِنَّا هٰهُنَا قٰعِدُوۡنَ (अल् मायद: 25) अत: जा तू और तेरा रब दोनों लड़ो हम तो यहीं बैठे रहेंगे। उन्होंने कहा नहीं बल्कि हम लोग आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ लड़ेंगे जब तक कि हम में जान है। (सीरतुल हल्बिया, बाब वर्णन माज़िया, भाग 2 पृष्ठ 205 - 206 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2002)(फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 125)

हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि जब उन्होंने क़ैदियों को पकड़ा अर्थात बदर के अवसर पर मुस्लमानों ने क़ैदियों को पकड़ा तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया इन क़ैदियों के बारे में तुम्हारी क्या राय है? हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया हे अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वे हमारे चचाज़ाद और रिश्तेदार हैं। मेरा ख़्याल है आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उनसे फ़िद्या ले लें। वे हमारे लिए इन कुफ़्फ़ार के मुक़ाबले में क़ुव्वत का बाइस होगा और सम्भव है कि अल्लाह तआला उनकी इस्लाम की तरफ़ राहनुमाई फ़रमाए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया हे इब्ने ख़त्ताब तुम्हारी क्या राय है? हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा नहीं हे रसूले रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह की क़सम

मेरी वह राय नहीं है जो अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय है, बल्कि मेरी राय यह है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम इन्हें हमारे सपुर्द कर दें। हम उनकी गर्दनें मार दें और अली रज़ियल्लाहु अन्हु के सपुर्द अक़ील को करें कि वह उस की गर्दन मारे और मेरे सपुर्द अमुक को करें जो रिश्ते में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का रिश्तेदार था तो में उस की गर्दन मार दूं क्योंकि ये सब कुफ़्फ़ार के लीडर और उनके सरदार हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की बात को प्राथमिकता दी। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि मेरी बात को महत्त्व नहीं दिया। अगले दिन मैं आया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु बैठे रो रहे थे। मैं ने अर्ज़ किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! मुझे बताएं किस चीज़ ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथी को रुलाया है। यदि मुझे रोना आया तो मैं भी रोऊँगा अन्यथा मैं आप दोनों के रोने की तरह रोने की सूरत बनाऊँगा। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाया: मेरे रोने की वजह यह है जो तुम्हारे साथियों ने मेरे सामने उनसे फ़िद्या लेने की तजवीज़ पेश की थी। मेरे सामने उनका अज़ाब उस दरख़्त से ज़्यादा निकट पेश किया गया है जो दरख़्त अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के निकट ही था और अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फ़रमाई।

مَا كَانَ لِنَبِيٍّ اَنۡ يَّكُوۡنَ لَهٗۤ اَسۡرٰى حَتّٰى يُثۡخِنَ فِى الۡاَرۡضِ (अल् अंफ़ाल : 68) अर्थात किसी नबी के लिए जायज़ नहीं कि ज़मीन में रक्त बहाने वाली जंग के बग़ैर क़ैदी बनाए और फिर अगली दो आयतें छोड़ कर है कि فَكُلُوۡا مِمَّا غَنِمۡتُمۡ حَلٰلًا طَيِّبًا(अल् अंफ़ाल : 70) अर्थात अत: जो माल-ए-ग़नीमत तुम हासिल करो उस में से हलाल और पाकीज़ा खाओ। अत: अल्लाह ने उनके लिए ग़नीमतें जायज़ कर दीं। यह सही मुस्लिम की रिवायत है।

(सही मुस्लिम किताब الجهاد والسير باب الْإِمْدَادِ بِالْمَلَائِكَةِ हदीस 4588)

इस हदीस के शुरू के शब्द जो हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु रो रहे थे और फिर आगे जो क़ुरआन की आयात के शब्द हैं उनमें जो मज़मून वर्णन हुआ है वह इस रिवायत को अस्पष्ट सा कर देता है। स्पष्ट नहीं करता, बात स्पष्ट नहीं होती। बहरहाल इस रिवायत को सही समझ के अक्सर इतिहास की पुस्तकें में और जीवनी और व्याख्या करने वालों ने वर्णन किया है कि अल्लाह तआला ने जैसे बदर के युद्ध के क़ैदियों से फ़िद्या लेने वाले फ़ैसले पर नाराज़गी का इज़हार फ़रमाया और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय को पसंद फ़रमाया। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की जीवनी लिखने वाले जब एक अलग बाब बाँधते हैं कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय पर कौन-कौन से क़ुरआन के आदेश नाज़िल हुए तो उनमें से एक यह भी दर्ज किया जाता है कि बदर के युद्ध के क़ैदियों के बारे में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय को अल्लाह तआला ने महत्तव दिया, लेकिन यह अस्पष्ट है। जैसा कि मैं ने कहा स्पष्ट नहीं होता बल्कि लगता है कि जीवनी के लेखकों ने और मुफ़स्सिरीन को इस को समझने में ग़लती लगी है। बहरहाल हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसको जो वर्णन फ़रमाया है तो रज़ियल्लाहु अन्हु के जो प्रकाशित न होने वाले तफ़सीरी नोटिस में से एक नोट मिला है जो इन रवायात का खण्डन करता है और हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु की जो यह वज़ाहत है वही सही लगती है। बिला वजह हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के मुक़ाम को ऊंचा करने के लिए लगता है कि उन्होंने यह रिवायत बना दी या उस को ग़लत समझा गया। बहरहाल हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूर: अंफ़ाल की आयत अड़सठ (68) की तफ़सीर करते हुए फ़रमाते हैं कि इस्लाम से पहले अरब में रिवाज था और लिखते हैं कि अफ़सोस है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में अब तक यह चला आता है कि यदि जंग न भी हो और लड़ाई न भी हो तब भी क़ैदी पकड़ लेते हैं और उनको ग़ुलाम बना लेते हैं। यह आयत इस बुरी रस्म का खंडन करती है और साफ़-साफ़ शब्द में हुक्म देती है कि केवल जंग की हालत में और लड़ाई के बाद ही दुश्मन के आदमी क़ैदी बनाए जा सकते हैं। यदि लड़ाई न हो रही हो तो किसी आदमी को क़ैदी बनाना जायज़ नहीं। इस आयत की बड़ी ग़लत तफ़सीर की गई है। कहते हैं कि जब मुस्लमानों ने बदर के युद्ध के अवसर पर मक्का वालों के कुछ क़ैदी पकड़ लिए तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने साहाब रज़ियल्लाहु अन्हु से मश्वरा किया कि उनके विषय में क्या फ़ैसला करना चाहिए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय थी कि उनको क़तल कर देना चाहिए। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय थी कि फ़िद्या लेकर छोड़ देना चाहिए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय को पसंद फ़रमाया और यह सूर: अंफ़ाल की 68 आयत है जिसमें यह है कि किसी नबी के लिए जायज़ नहीं कि ज़मीन में रक्त बहाने वाली जंग करे।

बहरहाल हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु इसी की वज़ाहत करते हुए फ़रमाते हैं कि जो राय ली गई थी इस में तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय अलग थी, हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय अलग थी और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय को पसंद फ़रमाया और फ़िद्या लेकर क़ैदियों को छोड़ दिया। (मुफ़स्सेरीन) कहते हैं कि जब यह आयत नाज़िल हुई तो जैसे ख़ुदा ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के कार्य को नापसंद फ़रमाया। क़ैदियों को क़तल कर देना चाहिए था और फ़िद्या नहीं लेना चाहिए था। यह तिबरी की तफ़सीर में है। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं परन्तु यह तफ़सीर ग़लत है। प्रथम उस वक़्त तक ख़ुदा ने कोई ऐसा हुक्म नाज़िल नहीं किया था कि क़ैदियों को फ़िद्या लेकर न छोड़ा जाए। इसलिए फ़िद्या क़बूल करने पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर कोई इल्ज़ाम नहीं आ सकता था। द्वितीय इस से पूर्व आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने नख़ला के स्थान पर दो आदमियों से फ़िद्या लेकर उनको छोड़ दिया था और ख़ुदा ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इस फ़ेअल को नापसंद नहीं फ़रमाया था। तृतीय केवल दो आयतें और आगे चल कर ख़ुदा मुस्लमानों को आज्ञा देता है कि माल-ए-ग़नीमत से जो कुछ तुम को मिले उस को खाओ वे हलाल और पवित्र है। यह बात किसी की सोच में भी नहीं आ सकती कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के फ़िद्या लेने को ख़ुदा नापसंद करे और इस तरह जो रुपया हासिल हो उस को हलाल और पवित्र फ़रमाए इसलिए यह तफ़सीर ही ग़लत है और सही तफ़सीर यही है कि इस आयत में एक आम उसूल निर्धारित फ़र्मा दिया है कि क़ैदी उसी सूरत में पकड़े जा सकते हैं कि बाक़ायदा जंग हो और दुश्मन को घातक चोटें लगा कर पराजित कर दिया गया हो।

(उद्धरित दर्स हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु (अप्रकाशित) सूरत अल् अंफ़ाल, रजिस्टर नंबर 36 पृष्ठ 968-969)

मुफ़स्सिरीन क़ुरआन में से अल्लामा इमाम राज़ी और प्रसिद्ध जीवनी लेखक अल्लामा शिबली नुमानी का भी यही कथन है जो हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने वर्णन फ़रमाया है।

(तफ़सीर कबीर अल्लामा इमाम राज़ी, भाग 8 भाग 15 पृष्ठ 158 प्रकाशन दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2004 ई.) (सीरतुल नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, शिबली नुमानी, भाग अव्वल, पृष्ठ 194 प्रकाशन आर जैड पैकेजज़ लाहौर 1408 हिज्री)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु लखते हैं कि "मदीना पहुंच कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने क़ैदियों के विषय में मश्वरा किया कि उनके विषय में क्या करना चाहीए। अरब में साधारणतया क़ैदियों को क़तल कर देने या मुस्तक़िल तौर पर ग़ुलाम बना लेने का रिवाज था परन्तु आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तबीयत पर यह बात सख़्त कष्टदायक गुज़रती थी और फिर अभी तक इस बारह में कोई इलाही आदेश भी नाज़िल नहीं हुए थे। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया कि मेरी राय में तो उनको फ़िद्या लेकर छोड़ देना चाहीए क्योंकि आख़िर ये लोग अपने ही भाई हैं और क्या ताज्जुब कि कल को इन्ही में से फ़िदा देने वाला इस्लाम में शामिल हो जाएं परन्तु हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस राय से अलग और कहा कि धर्म के मुआमला में रिश्तेदारी का कोई ख्याल नहीं होना चाहीए और ये लोग अपने कर्मों से क़तल के अधिकारी हो चुके हैं। अत: मेरी राय में इन सबको क़तल कर देना चाहीए बल्कि हुक्म दिया जाए कि मुस्लमान ख़ुद अपने हाथ से अपने अपने रिश्तेदारों को क़तल करें। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने फ़ित्री रहम से प्रभावित हो कर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु की राय को पसंद फ़रमाया और क़तल के ख़िलाफ़ फ़ैसला किया और हुक्म दिया कि जो मुशरिकीन अपना फ़िद्या इत्यादि अदा कर दें उन्हें छोड़ दिया जाए। इसलिए बाद में इसी के अनुसार इलाही हुक्म हुआ। "जब इलाही हुक्म भी फ़िद्या देने के बारे में नाज़िल

हो गया जैसा कि हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी लिखा है तो फिर उस हदीस को बुनियाद बना कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के रोने का कारण पैदा करना तो अजीब सी बात लगती है। बहरहाल हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं "इसलिए हर व्यक्ति के मुनासिब-ए-हाल एक हज़ार दिरहम से लेकर चार हज़ार दिरहम तक उस का फ़िद्या निर्धारित कर दिया गया इस तरह सारे क़ैदी रिहा होते गए।"

(उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, पृष्ठ 367-368)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की बेटी हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा की आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से शादी के बारे में जो वर्णन मिलता है कि हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा के पति बदर के युद्ध में शामिल हुए और जंग से वापसी पर बीमार हो कर देहांत कर गए तो बाद में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा के साथ शादी की। इस की तफ़सील बुख़ारी में इस प्रकार वर्णित है कि हज़रत अबदुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने वर्णन किया कि जब हज़रत हफ़सा पुत्री उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ख़ुन्नेस बिन हुज़ाफा सहमी से विधवा हुईं और वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सहाबा में से थे जो बदर में शामिल थे। मदीना में उन्होंने वफ़ात पाई तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा : मैं हज़रत उसमान बिन अफ्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु से मिला उनके पास हफ़सा का वर्णन किया और कहा कि यदि आप चाहें तो हफ़सा पुत्री उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का निकाह आप रज़ियल्लाहु अन्हु से कर दूं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा मैं अपने इस मुआमले पर ग़ौर करूँगा। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं इसलिए मैं कई रोज़ तक ठहरा रहा। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कुछ दिनों के बाद कहा कि मुझे यही मुनासिब मालूम हुआ है कि में इन दिनों शादी न करूँ। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते थे। फिर मैं हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु से मिला कि यदि आप रज़ियल्लाहु अन्हु चाहें तो मैं हफ़सा पुत्री उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का निकाह आप रज़ियल्लाहु अन्हु से कर दूं। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ख़ामोश हो गए और मुझे कुछ उत्तर न दिया। और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की निसबत मैं ने उनसे ज़्यादा महसूस किया अर्थात एहसास ज़्यादा हुआ कि उन्होंने भी इन्कार कर दिया है। फिर मैं कुछ दिन ठहरा रहा। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा से निकाह का पैग़ाम भेजा और मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से उनका निकाह कर दिया। जब निकाह हो गया तो फिर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु मुझ से मिले और कहा जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा का वर्णन किया था और मैं ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु को कोई उत्तर नहीं दिया तो शायद आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुझ से मेरे न करने पर, इन्कार करने पर कुछ महसूस किया था। मैं ने कहा जी हाँ मैं ने महसूस किया था तो उन्होंने कहा कि दरअसल जो बात आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने पेश की थी उस की निसबत आप रज़ियल्लाहु अन्हु को उत्तर देने से मुझे नहीं रोका था परन्तु इस बात ने कि मुझे इलम हो चुका था कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा का वर्णन किया था और मैं ऐसा नहीं था कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का यह राज़ ज़ाहिर करता। अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु को यह इलम था कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिश्ता का इज़हार किया था। तो कहते हैं यह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का राज़ था मैं इस को ज़ाहिर नहीं कर सकता था और यदि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम इसे तर्क कर देते तो मैं ज़रूर तुम्हारे इस रिते को क़बूल कर लेता।

(सही अल् बुख़ारी, किताब मग़ाज़िया, हदीस नंबर 4005)

यह हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया। इस घटना की कुछ तफ़सील सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में भी हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने लिखी है। कहते हैं कि "हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु की एक साहबज़ादी थीं जिनका नाम हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा था। वह ख़ुन्नेस बिन हुज़ाफा रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी थीं जो एक मुख़लिस सहाबी थे और बदर के युद्ध में शामिल हुए थे। बदर के बाद मदीना वापिस आने पर ख़ुन्नेस बीमार हो गए और इस बीमारी से ठीक नहीं हो सके। उनकी वफ़ात के कुछ समय बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को हफ़सा के दूसरे निकाह की चिंता हुई। उस वक़्त हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा की उमर बीस वर्ष से ऊपर थी। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी फ़ित्रती सादगी में स्वयं उसमान बिन अफ्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु से मिल कर उनसे वर्णन किया कि मेरी लड़की हफ़सा अब विधवा है आप यदि पसंद करें तो उसके साथ शादी कर लें परन्तु हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने टाल दिया। इसके बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु से वर्णन किया लेकिन हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी ख़ामोशी इख़तियार की और कोई उत्तर नहीं दिया। इस पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को बहुत दुख हुआ और उन्हों ने इसी कष्ट की हालत में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हो कर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सारी बातें प्रस्ततु कर दी। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया। उमर कुछ फ़िक्र न करो। ख़ुदा को मंज़ूर हुआ तो हफ़सा को उसमान और अबू बकर की निसबत बेहतर पति मिल जाएगा और उसमान को हफ़सा की निसबत बेहतर पत्नी मिलेगी। यह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस लिए फ़रमाया कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हफ़सा के साथ शादी कर लेने और अपनी लड़की उम्मे कुलसूम को हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ ब्याह कर देने का इरादा कर चुके थे जिस की हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु दोनों को सूचना थी और इसी लिए उन्होंने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की तजवीज़ को टाल दिया था। इसके कुछ समय बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से अपनी साहबज़ादी उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की शादी फ़र्मा दी ... और इसके बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने स्वयं अपनी तरफ़ से हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को हफ़सा के लिए पैग़ाम भेजा। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को इस से बढ़ कर और क्या चाहीए था। उन्होंने निहायत ख़ुशी से इस रिश्ते को क़बूल किया और शाबान तीन हिज्री में हज़रत हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के निकाह में आकर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नियों में शामिल हो गईं। जब यह रिश्ता हो गया तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से कहा कि शायद आपके दिल में मेरी तरफ़ से कोई शिकायत हो। बात यह है कि मुझे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इरादे की सूचना थी लेकिन मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की इजाज़त के बग़ैर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के राज़ को ज़ाहिर नहीं कर सकता था। हाँ यदि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का यह इरादा न होता तो मैं बड़ी ख़ुशी से हफ़सा से शादी कर लेता।

हफ्सा रज़ियल्लाहु अन्हा के निकाह में एक तो यह ख़ास उद्देश्य था कि वह हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की साहबज़ादी थीं जो मानों हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के बाद समस्त सहाबा में अफ़ज़ल तरीन समझे जाते थे और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के विशेष लोगों में से थे। अत: आपस के ताल्लुक़ात को ज़्यादा मज़बूत करने और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और हफ़सा के इस सदमा को दूर करने के वास्ते जो ख़ुन्नेस बिन हुज़ाफा सहमी रज़ियल्लाहु अन्हु की असमय मौत से उनको पहुंचा था आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुनासिब समझा कि हफ़सा से स्वयं शादी फ़र्मा लें और दूसर आम उद्देश्य यह सामने था कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जितनी ज़्यादा पत्नियाँ होंगी उतना ही औरतों में जो लोगों का आधा हिस्सा बल्कि कई प्रकार से आधा से बेहतर हिस्सा हैं इस्लाम का सन्देश देने और तालीम-ओ-तर्बीयत का काम ज़्यादा बड़े रूप पर और ज़्यादा आसानी से और ज़्यादा ख़ूबी के साथ हो सकेगा।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 477-478)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के हवाले से ग़ज़व-ए-ओहद के बारे में लिखा है। ग़ज़व-ए-ओहद के अवसर पर जब ख़ालिद बिन वलीद ने मुस्लमानों पर हमला किया तो मुस्लमान इस अचानक हमले से सँभल न सके। इसकी तफ़सील हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस प्रकार लिखी है कि क़ुरैश के लश्कर ने करीब- करीब चारों तरफ़ घेरा डाल रखा था और अपने एक के बाद एक हमलों से हर समय दबाता चला आता था। इस पर भी मुस्लमान शायद थोड़ी देर बाद सँभल जाते परन्तु ग़ज़ब यह हुआ कि क़ुरैश के एक बहादुर

सिपाही अबदुल्लाह बिन कमा ने मुस्लमानों के अलमबरदार मसअब बिन उमेर रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला किया जिन्हों ने झंडा उठाया हुआ था और अपनी तलवार के वार से उनका दायाँ बाज़ू काट गिराया। मसअब रज़ियल्लाहु अन्हु तुरन्त दूसरे हाथ में झंडा थाम लिया और क़ामा के पुत्र के मुक़ाबला के लिए आगे बढ़े परन्तु उसने दूसरे वार में उनका दूसरा हाथ भी काट दिया। इस पर मसअब रज़ियल्लाहु अन्हु अपने दोनों कटे हुए हाथों को जोड़ कर गिरते हुए इस्लामी झंडे को सँभालने की कोशिश की और उसे छाती से चिमटा लिया जिस पर क़ामा के पुत्र ने उन पर तीसरा वार किया और अब की दफ़ा मसअब शहीद हो कर गिर गए। झंडा तो किसी दूसरे मुस्लमान ने तुरन्त आगे बढ़ कर थाम लिया परन्तु चूँकि मसअब रज़ियल्लाहु अन्हु शरीर का आकार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से मिलता था क़ामा के पुत्र ने समझा कि मैंने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को मार लिया है। या यह भी सम्भव है कि उस की तरफ़ से यह परामर्श केवल शरारत और धोखा देने के ख़्याल से हो। बहर हाल उसने मसअब रज़ियल्लाहु अन्हु के शहीद हो कर गिरने पर शोर मचा दिया कि मैंने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को मार लिया है। इस ख़बर से मुस्लमानों के रहे सहे होसले भी जाते रहे और उनकी एकता बिल्कुल बिखर गई। बहुत से सहाबी रज़ियल्लाहु अन्हो परेशान हो कर मैदान से भाग निकले। उस वक़्त मुस्लमान तीन हिस्सों में बट गए थे। एक गिरोह वह था जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की शहादत की ख़बर सुन कर मैदान से भाग गया था परन्तु यह गिरोह सबसे थोड़ा था। लेकिन जैसा कि क़ुरआन शरीफ़ में वर्णन आता है उस वक़्त के ख़ास हालात और उन लोगों के दिल के ईमान और इख़लास को देखते हुहे अल्लाह तआला ने उन्हें माफ़ फ़र्मा दिया। दूसरा गिरोह जो था इस गिरोह में वे लोग थे जो भागे तो नहीं थे परन्तु आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की शहादत की ख़बर सुनकर या तो हिम्मत हार बैठे थे और या अब लड़ने को बेकार समझते थे और इस लिए मैदान से एक तरफ़ हट कर सिर झुका कर बैठ गए थे और तीसरा गिरोह वह था जो बराबर लड़ रहा था। उनमें से कुछ तो वे लोग थे जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इर्दगिर्द जमा थे और अद्वितीय जाँनिसारी की प्रतिभा दिखा रहे थे और अक्सर वे थे जो जंग के मैदान में बिखरे हुए लड़ रहे थे। इन लोगों और तथा दुसरे गिरोह के लोगों को जिस प्रकार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के जीवित मौजूद होने का पता लगता जाता था ये लोग दीवानों की तरह लड़ते भिड़ते आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इर्दगिर्द जमा होते जाते थे।

बहरहाल उस वक़्त निहायत ख़तरनाक लड़ाई हो रही थी और मुस्लमानों के वास्ते एक सख़्त इबतिला और परीक्षा का समय था और जैसा वर्णन हो चुका है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की शहादत की ख़बर सुन कर बहुत से सहाबा हिम्मत हार चुके थे और हथियार फेंक कर मैदान से एक तरफ़ हो गए थे। इन्ही में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु भी थे जो मायूस हो कर एक तरफ़ हो कर बैठ गए थे। इसलिए ये लोग इसी तरह मैदान-ए-जंग के एक तरफ़ बैठे थे कि ऊपर से एक सहाबी अनस बिन नज़र अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हु आ गए और उनको देखकर कहने लगे कि तुम लोग यहां क्या करते हो? उन्होंने उत्तर दिया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने शहादत पाई। अब लड़ने से क्या हासिल होगा? अन्स ने कहा कि यही लड़ने का समय है ताकि जो मृत्यु रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पाई वह हमें भी नसीब हो और फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाद ज़िंदगी का भी क्या करना है! और फिर उनके सामने साद बिन माज़ रज़ियल्लाहु अन्हु आए तो उन्होंने अर्थात हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि साद रज़ियल्लाहु अन्हु मुझे तो पहाड़ी से जन्नत की ख़ुशबू आ रही है। यह कह कर अन्स रज़ियल्लाहु अन्हु दुश्मन की सफ़ में घुस गए और लड़ते-लड़ते शहीद हुए और जंग के बाद देखा गया तो उनके बदन पर अस्सी से ज़्यादा घाव थे और कोई पहचान नहीं सकता था कि यह किस की लाश है। आख़िर उनकी बहन ने उनकी उंगली देख कर पहचान की।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम,पृष्ठ 493 से 495)

ओहद के समय रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अपने कुछ सहाबा के साथ पहाड़ की घाटी पर पहुंचे ही थे कि कुफ़्फ़ार के एक गिरोह ने घाटी पर हमला किया। उनमें ख़ालिद बिन वलीद भी थे। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस वक़्त दुआ की कि اَللّٰهُمَّ إِنَّهُ لَا يَنْبَغِيْ لَهُمْ أَنْ يَّعْلُوْنَا हे अल्लाह ये लोग हमारे पास न पहुंच सकें। इस पर हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु ने कुछ मुहाजिरीन के साथ इन मुशरिकीन का मुक़ाबला किया और मारते-मारते उनको भगा दिया।

(सीरत इब्ने हश्शाम पृष्ठ 537 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान 2001)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु लिखते हैं कि अबू सुफ्यान अपने कुछ साथियों को साथ लेकर इस घाटी की तरफ़ बढ़ा जहां मुस्लमान जमा थे और इस के निकट खड़े हो कर पुकार कर बोला कि मुसलमानो क्या तुम में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम है? आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इरशाद फ़रमाया। कोई उत्तर न दे। इसलिए सब सहाबा ख़ामोश रहे। फिर उसने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और उमर रज़ियल्लाहु अन्हु का पूछा परन्तु इस पर भी आपके इरशाद के अधीन किसी ने उत्तर नहीं दिया। जिस पर उसने बुलंद आवाज़ से घमण्ड में कहा कि ये सब लोग मारे गए हैं क्योंकि यदि वे जीवित होते तो उत्तर देते। उस वक़्त हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से न रहा गया और वह बे-इख़्तियार हो कर बोले। हे अल्लाह के शत्रु ! तू झूठ कहता है। हम सब ज़िंदा हैं और ख़ुदा हमारे हाथों से तुम्हें ज़लील करेगा। अबू सुफ्यान ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की आवाज़ पहचान कर कहा कि उमर सच सच बताओ क्या मुहम्मद ज़िंदा है? हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि हाँ हाँ ख़ुदा के फ़ज़ल से वह ज़िंदा हैं और तुम्हारी ये बातें सुन रहे हैं। अबू सुफ्यान ने किसी क़दर धीमी आवाज़ में कहा। तो फिर इब्न-ए-कमिया ने झूठ कहा है क्योंकि मैं तुम्हें इस से ज़्यादा सच्चा समझता हूँ। इस के बाद अबू सुफ्यान ने निहायत बुलंद आवाज़ से पुकार कर कहा। اُعْلُ هُبَلْ अर्थात हे हुब्ल तेरी शान बुलंद हो। सहाबा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के इरशाद का ख़्याल कर के ख़ामोश रहे परन्तु आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम जो अपने नाम पर तो ख़ामोश रहने का हुक्म देते थे अब ख़ुदा तआला के मुक़ाबला में बुत का नाम आने पर ब्याकुल हो गए और फ़रमाया कि तुम उत्तर क्यों नहीं देते? सहाबा ने अर्ज़ किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम! क्या उत्तर दें? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कहो اَللّٰهُ اَعْلٰى وَ اَجَلّ अर्थात बुलंदी और बुज़ुर्गी केवल अल्लाह तआला को हासिल है। अबू सुफ्यान ने कहा لَنَا الْعُزّٰى وَلَا عُزّٰى لَكُمْ। हमारे साथ उज़्ज़ा है और तुम्हारे साथ उज़्ज़ा नहीं है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सहाबा से फ़रमाया कहो اَللّٰهُ مَوْلَنَا وَلَا مَوْلٰى لَكُمْ उज़्ज़ा क्या चीज़ है। हमारे साथ अल्लाह हमारा मददगार है और तुम्हारे साथ कोई मददगार नहीं। इसके बाद अबू सुफ्यान ने कहा कि लड़ाई एक डोल की तरह होती है जो कभी चढ़ता और कभी गिरता है। अत: यह दिन बदर के दिन का बदला समझो और तुम मैदान-ए-जंग में ऐसी लाशें पाओगे जिनके साथ नाक कान काटा गया है। मैं ने इस का हुक्म नहीं दिया परन्तु जब मुझे उस का इलम हुआ तो मुझे अपने आदमियों का यह कार्य कुछ बुरा भी नहीं लगा। और हमारे और तुम्हारे मध्य अगले वर्ष फिर इन दिनों में बदर के स्थान पर फिर जंग का वादा रहा। एक सहाबी ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हिदायत के अधीन उत्तर दिया कि बहुत अच्छा यह वादा रहा। बहरहाल यह कह कर अबू सुफ्यान अपने साथियों को लेकर नीचे उतर गया और फिर क़ुरैश का लश्कर मक्का की तरफ़ रवाना हुआ।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु एम.ए, पृष्ठ 498-499)

जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ग़ज़वा-ए-ओहद के बाद मदीना पहुंचे तो मुनाफ़क़ीन और यहूद खुशियां मनाने लगे और मुस्लमानों को बुरा-भला कहने लगे और कहने लगे कि मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बादशाहत की इच्छा रखते हैं और आज तक किसी नबी ने इतना नुक़्सान नहीं उठाया जितना उन्होंने उठाया। ख़ुद भी घायल हुए और उनके अस्हाब भी घायल हुए। और कहते थे कि यदि तुम्हारे वे लोग जो क़तल हुए हमारे साथ रहते तो कभी क़तल न होते। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से उन मुनाफ़क़ीन के क़तल की इजाज़त चाही जो इस तरह ये बातें कर रहे हैं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : क्या वे इस की गवाही नहीं देते कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और मैं अल्लाह का रसूल हूँ। कलिमा तो पढ़ते हैं नाँ ये लोग। इस पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया क्यों नहीं। ये तो कहते हैं लेकिन साथ मुनाफ़िक़ाना बातें भी कर रहे हैं। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा लेकिन ये तलवार के ख़ौफ़ से इस तरह

कहते हैं। अत: उनका मुआमला ज़ाहिर हो गया है। अब जब उनके दिल की बातें निकल गई हैं और अल्लाह ने उनके उपद्रव को ज़ाहिर कर दिया है तो फिर उनसे इंतिक़ाम लेना चाहिए। उनको सज़ा देनी चाहीए। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मुझे उस के क़तल से मना किया गया है जो इस शहादत का इज़हार करे।

(सीरतुल हल्बिया,باب ذکر مغازیه غزوه احد, भाग 2 पृष्ठ 348 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान 2002)

जिस ने यह कलिमा पढ़ लिया मुझे ऐसे व्यक्ति के क़तल से मना किया गया है। यह वर्णन इन शा अल्लाह आगे चलेगा। कुछ मरहूमीन का अब मैं ने वर्णन करना है। इसलिए यहां ख़त्म करता हूँ।

लेकिन इस से पहले मैं दुआ के लिए भी कहना चाहता हूँ। पिछले हफ़्ता भी मैंने कहा था। मज़लूम फ़लस्तीनियों के लिए दुआ करें। जबकि जंग बंदी हो गई है लेकिन तारीख़ हमें यही बताती है कि कुछ समय के बाद कहीं न कहीं से, किसी न किसी तरीक़े से, किसी न किसी बहाने से दुश्मन उन फ़लस्तीनियों को ज़ुलम का निशाना बनाते रहते हैं और कोई न कोई वजह बनती जाती है। अल्लाह तआला रहम फ़रमाए और फ़लस्तीनियों के लिए भी हक़ीक़ी आज़ादी हासिल हो। अल्लाह तआला उनको ऐसे लीडर भी अता फ़रमाए जिनमें अक़्ल और विवेक भी हो और मज़बूती भी हो, जो अपनी बात को कहने और अपने हक़ लेने वाले भी हों। इसी तरह अहमदियों के लिए जो विशेषता पाकिस्तान में अत्याचार का निशाना बन रहे हैं उन के लिए बहुत दुआ करें। अल्लाह तआला उन्हें भी अपनी हिफ़ाज़त में रखे।

जनाज़ों में से आज जिनका पहला वर्णन है वह क़ुरैशी मुहम्मद फ़ज़लुल्लाह साहब नायब नाज़िर इशाअत क़ादियान थे जो 27 अप्रैल को वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन। उनकी माता के दादा और पिता के नाना हज़रत मुंशी मेहर दीन साहब रज़ियल्लाहु अन्हु सहाबी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम थे जिनके ज़रीया से उनके ख़ानदान में अहमदियत आई और उनके नाम मिनारतुल मसीह के चंदा देने वालों में भी दर्ज है।

जामिआ से फ़राग़त के बाद क़ुरैशी साहब ने तेईस वर्ष पाँच माह जामिआ अहमदिया में तदरीस का काम किया और क़ुरआन-ए-मजीद, उर्दू, कलाम, सिर्फ़-ओ-नहव (व्याकरण) और अदब अरबी (अरबी साहित्य) इत्यादि के विषय पढ़ाए और कुल सेवा का समय उनका सैंतीस वर्ष सात माह बनता है। अल्लाह के फ़ज़ल से मरहूम मूसी थे। पीछे रहने वालों में पत्नी और एक बेटा और दो बेटियां हैं।

